दसवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर लोक सभा अध्यक्ष ने संसद भवन परिसर में योग अभ्यास की अगुवाई की

...

योग ने मानव स्वास्थ्य के लिए दीर्घकालिक और सकारात्मक परिणाम सुनिश्चित करने के लिए पूरे विश्व को एकजुट करने का काम किया है: लोक सभा अध्यक्ष

...

योग मानव जीवन के समग्र स्वास्थ्य की नींव है: लोक सभा अध्यक्ष

...

योग आत्म-विकास के माध्यम से आत्मनिर्भरता की एक सतत यात्रा है: लोक सभा अध्यक्ष

...

नई दिल्ली, 21 जून 2024: दसवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर लोक सभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला ने आज संसद भवन परिसर में योग अभ्यास की अगवाई की। योग अभ्यास के पश्चात् एकत्रित सभा को सम्बोधित करते हुए श्री बिरला ने सभी को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की बधाई दी और हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि आज योग सम्पूर्ण विश्व में एक आंदोलन है। उन्होंने आगे कहा कि सम्पूर्ण विश्व भाग्यशाली है कि प्राचीन भारत के ऋषि-मुनियों ने जन कल्याण के लिए योग का अनमोल उपहार मानवता को प्रदान किया।

श्री बिरला ने विश्व योग दिवस का उल्लेख करते हुए कहा कि आज पूरे विश्व में योग को स्वीकृति मिल रही है, और योग जन-जन के दैनिक जीवन का एक अहम हिस्सा बन गया है। उन्होंने आगे कहा कि योग सिर्फ अभ्यास तक सीमित नहीं है, बल्कि मानव जीवन के समग्र स्वास्थ्य की नींव है। उन्होंने आगे कहा कि योग मानव जीवन के प्रमुख बिन्दुओं, -शारीरिक स्वास्थ्य, मानसिक कल्याण और आध्यात्मिक विकास को बढ़ावा देने का कार्य करता है।

योग के कल्याणकारी पहलुओं का उल्लेख करते हुए श्री बिरला ने कहा कि योग सभी सांस्कृतिक और धार्मिक सीमाओं से परे है। उन्होंने आगे कहा कि योग ने पूरे विश्व को एकजुट करने का काम किया है ताकि मानव स्वास्थ्य के क्षेत्र में एक दीर्घकालिक और सकारात्मक परिणाम हासिल किए जा सकें।श्री बिरला ने कहा कि योग शक्ति है जो हमारे अंदर संतुलन स्थापित कर हमें कुशल, सक्रिय और स्वाबलंबी बनाता है। उन्होंने आगे कहा कि योग आत्म-विकास के माध्यम से आत्मनिर्भरता की एक सतत यात्रा है।

दैनिक योग अभ्यास पर ज़ोर देते हुए श्री बिरला ने कहा कि आज के समय में योग समस्त रोगों और उभरती स्वास्थ्य समस्याओं का हल है। उन्होंने आगे कहा कि योग विभिन्न स्वास्थ्य चुनौतियों को नियंत्रित करने का सशक्त माध्यम है। श्री बिरला ने योग को भारत का अटूट अंग बताते हुए श्री बिरला ने कहा कि यह सभी भारतीयों का दायित्व है कि हम इस अमूल्य विरासत को आगे बढ़ाएं, और समृद्ध बनाएं।

इस अवसर पर संसद सदस्य, पूर्व सांसद समेत लोक सभा सचिवालय और राज्य सभा सचिवालय के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।